सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 144 | इंदौर, सोमवार 08 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- IndiGo Crisis: सोमवार को भी इंडिगो का परिचालन संकट बरकरार, प्रमुख हवाई अड्डों पर 350 से ज्यादा उड़ानें रद्द
- Telangana: सीएम रेवंत रेड्डी ने ट्रंप के नाम पर हैदराबाद की सड़क का नाम रखने का किया एलान, भाजपा भड़की
- Report: वैश्विक दबाव के बीच विकास जोखिम बढ़ने से आरबीआई फिर घटा सकता है ब्याज दरें, रिपोर्ट में किया गया दावा
- लुधियाना में भीषण हादसा: देर रात बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, दो नाबालिग लड़कियों सहित पांच की मौत
- Bihar: राजगीर आयुध निर्माणी को मिली बम से उड़ाने की धमकी, एजेंसियां अलर्ट; ISI व तमिलनाडु का ईमेल में जिक्र

### खाद्य नागरिक आपूर्ति समेत आठ विभाग की करेगे समीक्षा

# मोहन सरकार आज से दो दिन खजुराहो में

### ● कैबिनेट सहित विभागीय समीक्षाएं भी होंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार दो दिन खजुराहो में रहेगी। सोमवार से दो दिन मुख्यमंत्री विभागों की समीक्षा करेंगे। मंगलवार को कैबिनेट बैठक भी खजुराहो में होगी। सोमवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के साथ शुरूआत होगी।**

इसी क्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण और खनिज विभाग की समीक्षा की जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक होगी, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जागे। इसी दिन सीसीआईपी की बैठक और लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के दो वर्षों में हुए कार्यों की मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाएगी। इससे पहले दो और तीन दिसंबर को भी मुख्यमंत्री ने आधा दर्जन विभागों की समीक्षा बैठक की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को छतरपुर जिले के राजनगर के सती की मढ़िया में लाडली बहना सम्मेलन में भी शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाडली बहनों के खाते में माह दिसंबर की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री लाडली बहनों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खजुराहो में अन्य कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। इसमें खजुराहों में आदिवर्त संग्रहालय का भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण। पन्ना टाइगर रिजर्व कुटनी रिसॉर्ट डैम एवं रनेह फॉल का भ्रमण। 27055 लाख के नौ विकास कार्यों का भूमि-पूजन। 24010 लाख के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण। राजनगर के सती की मढ़िया में लाडली बहना सम्मेलन में विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी और लाडली बहनों के खातों में राशि अंतरण और हितलाभ वितरण के कार्यक्रम भी होंगे।



#### अन्य गतिविधियां

1. खजुराहों में आदिवर्त संग्रहालय का भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम।
2. महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण।
3. पन्ना टाइगर रिजर्व कुटनी रिसॉर्ट डैम एवं रनेह फॉल का भ्रमण।
4. 27055 लाख के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन।
5. 24010 लाख के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण।
6. राजनगर के सती की मढ़िया में लाड़ली बहना सम्मेलन में विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी।
7. लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरण और हितलाभ वितरण।

# बच्चों में सीखने की ललक बढ़ाने के लिए शिक्षक प्राप्त करते रहें नई-नई जानकारी: केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि बच्चों के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास हो, इसके लिये जरूरी है कि उन्हें मातृभाषा में पढ़ने के लिये प्रेरित किया जाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई गई बातें समझने में मातृभाषा ज्यादा कारगर होती है। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में अध्ययन को प्राथमिकता दी गई है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान रविवार को भोपाल के शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय टी.टी. नगर के निरीक्षण के बाद शिक्षकों से चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और विधायक भगवानदास सबनानी भी उनके साथ थे।



केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने सांदीपनि विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों की पाठ्यपुस्तकों को देखा और बच्चों से पढ़ाई के संबंध में बात की। मंत्री श्री प्रधान के विद्यालय पहुँचने पर छात्राओं ने बैंड की धुनों पर उनका स्वागत किया।

उन्होंने आर्ट गैलरी, पुस्तकालय, बच्चों की मार्शल आर्ट 'वुशु' के अभ्यास को देखा और विद्यालय के म्यूजिक रूम का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत पर प्रस्तुत धुनों को सुना और उसकी प्रशंसा की। मंत्री श्री प्रधान विद्यालय की अटल टिकरिंग लैब में भी गए। वहां उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल के बारे में जानकारी प्राप्त की। साइंस मॉडल और रोबोटिक्स लैब के उपकरणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री प्रधान ने विद्यालय के ऑडिटोरियम को भी देखा और उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न खेलकूद, संगीत और साहित्यिक गतिविधियों के प्रति भी प्रेरित करें। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि बच्चों को पोषण आहार मिले, इसके लिये जन-भागीदारी के प्रयास किये जायें।

### ● पालकों से संवाद

मंत्री श्री प्रधान ने पालकों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि पालक निरंतर स्कूल पहुँचकर बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहें। पालकों और शिक्षकों के समन्वय से ही बच्चों का सम्पूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रारंभिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के शैक्षणिक अध्ययन पर गहन निगरानी रखने की समझाइश दी। मंत्री श्री प्रधान ने विद्यालय की विजिटर्स बुक पर लिखा कि अगले सत्र में इस विद्यालय की छात्राएं जेईई एवं नीट परीक्षा में चयनित हों इसके लिये शिक्षक सामूहिक रूप से प्रयास करें।

# इंदौर जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में इंदौर जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले ने एसआईआर निस्तारण का निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। बैठक में आयोग के निर्देशानुसार अगले चरण की गतिविधियों को गति देने और निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए विस्तृत जानकारी साझा की गई।



बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवजीवन विजय पवार, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, मुख्य प्रशिक्षक आर. के. पांडे सहित अन्य अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने जिले में पूर्ण किए गए लक्ष्य के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्य निर्धारित समय के पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इंदौर जिले में हुए कार्यों की सराहना की, उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और समन्वय से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। बैठक में कहा गया कि जिले में वर्तमान में लगभग 6 प्रतिशत मतदाता अनमैप्ड हैं, जिनकी मैपिंग कार्य को प्राथमिकता पर किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही बीएलओ तथा राजनीतिक दलों के बीएलए की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि सभी प्रलंबित प्रविष्टियों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जा सके। अनमैप्ड रह जाने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे और वे आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर अपने दावे प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद दावा–आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण होने पर फाइनल ड्राफ्ट रोल प्रकाशित किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जिले में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित नहीं रहे।

बैठक में राजनीतिक दलों को नए प्रस्तावित मतदान केंद्रों की जानकारी भी दी गई। आगामी ड्राफ्ट रोल इन्हीं अद्यतन मतदान केंद्रों को ध्यान में रखते हुए प्रकाशित किए जाएंगे।

बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में अभी 2625 मतदान केंद्र है। जिले में 585 नए मतदान केंद्र आयोग के अनुमोदन के पश्चात बनाए गए हैं। इन्हें मिलाकर अब जिले में 3210 मतदान केंद्र हो गए हैं। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जनसुविधा बढ़ाने के कई सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिनमें बीएलओ और एईआरओ की बैठकों के स्थानों को इस प्रकार निर्धारित करने पर जोर रहा कि मतदाताओं को दावा–आपत्ति प्रक्रिया हेतु लंबी दूरी तय न करनी पड़े। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी सार्थक सुझावों को लागू किया जाएगा, ताकि संपूर्ण प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बन सके। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड तथा डुप्लीकेट प्रविष्टियों की भी समीक्षा की गई है और इससे संबंधित आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

# विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन में बच्चों को दिया मार्गदर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विधिक साक्षरता शिविर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर किया गया। प्रधान न्यायाधीश/अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव व अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव शिवराज सिंह गवली के निर्देशन एवं डी.एल.ओ श्रीमती शक्ति सिंह रावत के मार्गदर्शन से पी.एल.वी. विनय डागर, पी.एल.वी. भावना खोड़े मौजूद रहे। विद्यालय के 200 से अधिक बच्चों को विकलांगता अधिनियम 2016 पॉस्को एक्ट 2012 बाल अपराध, बल एवं किशोर अपराध, बल विवाह रोकथाम, साइबर अपराध, शासकीय योजनाओं एंव नि:शुल्क विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं आवश्यक कानूनी मदद एवं परामर्श हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व साइबर क्राइम 1930,181 वन स्टाप सेंटर की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्रधिकरण इंदौर एवं कर्तव्य सामाजिक संस्था इंदौर के द्वारा संयुक्त तत्वधान में यहां कार्यक्रम किया गया। स्कूल बच्चों को संस्था कर्तव्य द्वारा विशेष कार्य जैसे कापी वितरण, कैरियर मार्गदर्शन के बारे में भी बताया गया। हमें विद्यालय में 7 से 8 छात्राएं एकल पालक की मिली जिन्हें हमने स्कूल के माध्यम से बल आशीर्वाद योजना के फॉर्म पीडीएफ के माध्यम से प्रदान किये। विद्यालय के प्रभारी शिक्षक मैडम स्वेता पगारे द्वारा विधिक सेवा प्रधिकरण का आभार किया।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 7 दिसंबर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में इंदौर, देवास और धार जिले के पूर्व सैनिक एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नागेशचन्द्र मालवीय (से.नि.) ने सभी पूर्व सैनिकों एवं अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया एवं अपने संबोधन में झंडा दिवस के महत्त्व और इसके इतिहास के बारे में सभी को अवगत कराया।**



विदित हो कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस वर्ष 1949 से लगातार हर वर्ष सेना द्वारा सैनिकों की वीरता, अदम्य साहस एवं शौर्य की याद में मनाया जाता है। साथ ही यह भारतीय जनमानस को सेना से जोड़ने एवं जानकारी देने का एक पुनीत प्रयास है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस में एकत्र राशि का उपयोग शहीद सैनिकों, युद्ध में घायल, हताहत हुए सैनिकों एवं आर्थिक रूप से कमजोर पूर्व सैनिकों के परिवारों के कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है।

इस वर्ष इंदौर जिले द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में लक्षित राशि 21 लाख 54 हजार रूपये के विरुद्ध 33 लाख 90 हजार रूपये संग्रहित किया, जो कि लक्ष्य राशि का 165 प्रतिशत है। इसके लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के गणमान्य नागरिकों एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं इसी तरह अगले वर्ष भी दान देकर सहयोग करने का अनुरोध किया ।

# बीजेपी नेता को गला काटने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तिलक नगर में एक छेड़छाड़ रोकने पर बीजेपी नेता राजा कोठारी को गला काटने की धमकी दी गई। आरोपियों ने महिला और उसके पति से भी मारपीट की। पुलिस ने साधारण मारपीट और धमकाने के मामलों में FIR दर्ज की है और नेता के आवेदन के बाद जांच शुरू कर दी गई है। रात करीब 10 बजे संविद नगर सब्जी मंडी के पास 25 साल की महिला अपने पति के साथ जा रही थी। तभी सुमित बौरासी उर्फ बेरा और उसका साथी काली ने महिला को आपत्तिजनक कमेंट्स कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला और उसके पति के साथ मारपीट की और महिला का हाथ भी पकड़ा। इस दौरान बीजेपी के सह मीडिया प्रभारी राजा कोठारी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़ा रोकने की कोशिश की। आरोपियों ने उन्हें भी गला काटने की धमकी दी। तिलक नगर पुलिस ने महिला की शिकायत पर सुमित और काली के खिलाफ साधारण मारपीट और धमकाने के मामलों में FIR दर्ज की। घटना के बाद बीजेपी नेता और अन्य निवासी थाने पहुंचे और अधिकारियों को विवाद की जानकारी दी। राजा कोठारी ने पुलिस को आवेदन देकर बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और गर्दन काटने की बात कही। पुलिस अफसरों ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया जैविक हाट विक्रय केंद्र का अवलोकन

## किसानों को हर सप्ताह मिलेगी बिक्री की सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा शनिवार को ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुआं पहुंचे और यहाँ संचालित जैविक हॉट विक्रय केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जैविक विधि से उत्पादित विभिन्न कृषि एवं खाद्य उत्पादों को देखा और उनकी सराहना की।



कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाएगा तथा उन्हें प्रत्येक सप्ताह इस हाट बाजार में अपने उत्पाद बेचने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु हाट बाजार से अधिक से अधिक खरीदारी करें और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएँ। उल्लेखनीय है कि आगामी 12, 13 एवं 14 दिसंबर को इसी हाट बाजार में विशेष जैविक मेला आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर इंदौर जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ लागू की जा रही हैं, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें।

# शादी के 10 दिन पहले लापता हुआ युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सांवेर में रहने वाला 28 वर्षीय युवक महावीर सिंह चुंडावत शादी के ठीक 10 दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। वह 30 नवंबर की रात परिवार से राजस्थान आने की बात कहकर निकला था, लेकिन वहां पहुंचा ही नहीं। दो दिन तक संपर्क न होने पर चिंतित परिवार इंदौर पहुंचा और गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी में वह बैग लेकर पैदल घर से निकलते दिखाई दिया, लेकिन उसके बाद से कोई सुराग नहीं मिला। परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप भी लगाया है।**



सांवेर के भवानी नगर निवासी महावीर सिंह चुंडावत 30 नवंबर की रात अचानक घर से बैग लेकर निकला। परिवार ने बताया कि वह इंदौर की सांई टूल्स कंपनी में काम करता था और 11 दिसंबर को उसकी शादी तय थी। घरवालों से उसने राजस्थान आने की बात कही थी, लेकिन न तो वहां पहुंचा और न ही रास्ते में किसी से संपर्क किया।महावीर के लापता होने पर परिवार 2 दिसंबर को सांवेर पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने दो दिन तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसके बाद परिजनों ने खुद ही आसपास के सीसीटीवी चेक करवाए। फुटेज में महावीर अकेले पैदल जाते और बैग लेकर घर से निकलते हुए दिखाई दिया। परिजनों ने बताया कि उन्होंने सभी अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड पर भी जानकारी निकाली, लेकिन कोई पता नहीं चला। परिवार ने बताया कि पुलिस ने मोबाइल की कॉल डिटेल निकाली। पिछले एक महीने में केवल परिवार, मित्रों और मंगेतर से ही बात हुई थी। किसी तरह का विवाद या तनाव सामने नहीं आया। परिवार ने युवक की मंगेतर से भी बात की, लेकिन उनके बीच भी कोई विवाद नहीं था। परिजनों ने मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया, जिसके बाद अधिकारियों ने सांवेर पुलिस को तुरंत रिपोर्ट देने और युवक की तलाश तेज करने के निर्देश दिए।

### नकली बायो डीजल बेचने वाले मे. प्राप्ति बायो डीजल पंप पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# खाद्य विभाग की टीम ने पंप को मौके पर किया सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले के देपालपुर स्थित मे. प्राप्ति बायो डीजल पंप द्वारा अवैध रूप से नकली बायो डीजल की बिक्री करने पर रविवार को खाद्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग की टीम ने पंप को मौके पर सील कर दिया है। मे. प्राप्ति बायो डीजल पंप पर प्रारंभिक जाँच में नकली बायो डीजल होना पाया गया है। जांच की कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी शिव सुंदर व्यास देपालपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजय अस्थान एवं सर्वेश सिंह गामड़ द्वारा की गई।**



बताया गया कि मे. प्राप्ति बायो डीजल पंप की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच की गई। प्रारंभिक जांच में नकली बायो डीजल पाए जाने पर पंप को सील किया गया है। इसके साथ ही पंप संचालक द्वारा राज्य सरकार के अधिकृत लाईसेंस प्राप्त छह कंपनी के सप्लायर से सप्लाई नहीं लेकर अनाधिकृत फर्म से सप्लाई लेना पाया गया। बताया गया कि पंप संचालक बीएस100 मानक का ही बायो डीजल विक्रय कर सकते हैं, बायोडीजल के मानक की डेंसिटी 900 से ऊपर होती है परंतु मौके पर डेंसिटी 821 पाई गई। मौके से कुल 17671 लीटर नकली बायो डीजल जप्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रूपये से अधिक है। नकली बायो डीजल के सैम्पल लेकर पंप में बिक्री बंद करवाते हुए पंप, डिस्पेंसरी यूनिट और भूमिगत टैंक को सील कर दिया गया है। बताया गया कि 6 सैम्पल अधिकृत लेबोरेटरी में टेस्टिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। नमूना रिपोर्ट आने के बाद में आगामी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# नवविवाहिता की मौत में पति-सास-ननंद बने आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राजेंद्र नगर में रहने वाली नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से हुई मौत के लगभग एक महीने बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में मृतका के मायके पक्ष ने पति, सास और ननंद पर आरोप लगाए थे। महिला के बयान का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें उसने सास और ननंद पर उसे जलाने का आरोप लगाया था। जांच के बाद एसीपी ने तीनों को आरोपी बनाया है।

एसीपी निधि सक्सेना ने जांच के बाद 27 वर्षीय अलका वोकडे की मौत के मामले में उसके पति अजय, सास फूलवती और ननंद सीमा (निवासी बुद्धनगर) को आरोपी बनाया है। अलका को 8 अक्टूबर को गंभीर रूप से जलने के बाद पति, सास और देवर द्वारा चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 17 नवंबर को उसकी मौत हो गई। जांच में सामने आया कि पति, सास और ननंद आए दिन अलका को परेशान करते थे और कम दहेज को लेकर ताना-कसी करते थे। इसी प्रताड़ना के चलते अलका ने अपने कपड़ों में आग लगा ली थी।

# युवक की मौत मामले में महिला पर एफआईआर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ सूदखोरी का मामला दर्ज किया है। मृतक ऋतिक फुल्गर पर महिला ने 50 हजार रुपए उधार दिए थे और 5 लाख 50 हजार रुपए वापस मांगकर उसे लगातार परेशान किया। दबाव और धमकियों के कारण युवक ने 25 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटना के संदिग्ध होने के बाद मोबाइल और वॉइस रिकॉर्डिंग के आधार पर मामले की पूरी जानकारी मिली।**

टीआई अनिल गुप्ता ने बताया कि मृतक ऋतिक फुल्गर निवासी निहालपुरा मुंडी की आत्महत्या के मामले में किरण पत्नी हरीकेश यादव निवासी सैटेलाइट टाउनशिप बिजलपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि किरण यादव ने ऋतिक को 15 प्रतिशत ब्याज पर 50 हजार रुपए उधार दिए थे। इसके बदले में वह ऋतिक से 5 लाख 50 हजार रुपए वापस मांग रही थी और लगातार दबाव डालती रही। घटना की जानकारी बिल्डिंग के चौकीदार ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि ऋतिक के हाथ-पैर बंधे थे, जिससे मामला संदिग्ध लगा। जांच में ऋतिक के कपड़ों में एक मोबाइल भी बरामद हुआ। उस मोबाइल से पुलिस को किरण और ऋतिक के बीच हुई कई बातचीत की वॉयस रिकॉर्डिंग मिली, जिसमें किरण द्वारा ऋतिक को धमकाना सामने आया। टीआई अनिल गुप्ता ने कहा कि मामले की पूरी जांच की गई है। महिला के खिलाफ सूदखोरी की एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुटी है।



**जो कानून की राह अपनाते हैं, उनके पुनर्वास की चिंता सरकार करेगी**

# सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाई से तेजी से घटा है नक्सली दायरा

## जनवरी 2026 तक लाल सलाम को आखरी सलाम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नक्सलवाद के सफ़ाये की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में रविवार को 10 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने हथियार मुख्यमंत्री को सौंपे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सरकार जनवरी 2026 तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं। सरकार उनके जीवन को सुरक्षित करने, विकास सुनिश्चित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेज़ी से घटा है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद आशीष शर्मा की वीरता को नमन करते हुए कहा कि कर्तव्यपथ में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले 328 हॉक फोर्स सहित पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनकी पुनर्वास की चिंता सरकार की है।

डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एंटी नक्सल अभियान को सशक्त किया गया है। नए कैंप स्थापित किए गए हैं, हॉक फोर्स और पुलिस बल में वृद्धि की गई है। साथ ही अधिकारियों और जवानों को सतत प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इन कार्रवाइयों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी नक्सल समर्पण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार और स्किल डेवलपमेंट के प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं और नागरिकों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मध्यप्रदेश पुलिस निर्धारित समय-सीमा में नक्सल मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा और बालाघाट के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

### इन नक्सलियों ने किया आत्म समर्पण

सुरेंद्र उर्फ कबीर उर्फ सोमा सोढी पिता उंग्गा सोढी जाति गोंड उम्र 50 निवासी पुलमपाढ थाना गुल्लापल्ली जिला सुकमा छग ।राकेश ओडी उर्फ मनीष पिता समरत ओडी जाति गोंड उम्र 42 निवासी ग्राम झंडेपार (बोट्टेकसा) थाना कोरची जिला गडचिरौली महाराष्ट्र। लालसिंह मरावी उर्फ सींगा उर्फ प्रवीण पिता भीमा माता ऊंगी जाति गोंड उम्र 30 निवासी छोटे गुडरा थाना कटेकल्याण जिला दंतेवाड़ा छग ।शिल्पा नुप्पो पिता जोगा माता ..बीमे.. जाति गोंड उम्र 26 निवासी बुडिया बट्टुम थाना बासीगुडा तहसील हवापल्ली जिला बीजापुर छग ।सलीता उर्फ सावित्री अलावा पिता लकमु माता चिको जाति गोंड उम्र 26 निवासी सीनागेलोर थाना बासागुडा तहसील हवापल्ली जिला बीजापुर छग ।नवीन नुप्पो उर्फ हिडमा पिता नंगा माता बीमे जाति गोंड उम्र 30 निवासी बोडकेल तहसील कोंटा (जगरगुंडा) जिला सुकमा छग। जयशीला उर्फ ललीता ओयम पिता समलु माता देवे जाति गोंड उम्र 26 निवासी तरैम थाना बासागुडा तहसील हवापल्ली जिला बीजापुर छग। विक्रम उर्फ हिडमा वट्टी पिता तकमा माता पीसे जाति गोंड उम्र 30 निवासी मडपे दुल्लोड थाना 4 थाना चिंता गुफा जिला सुकमा छग। जरिना उर्फ जोगी मुसाक पिता अंदल माता कोशी जाति गोंड (मुडिया) उम्र निवासी मुरंगा थाना गंगलुर जिला बिजापुर छग। समर उर्फ समारू उर्फ राजु अतरम पिता सन्नु माता सुमरी जाति गोंड उम्र 32 निवासी इंड्री तहसील बैरमगढ जिला बीजापुर छग।

# धीरेंद्र शास्त्री का 'रहस्यमय' अज्ञातवास!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, (एजेंसी)** बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अगले सात दिन अज्ञातवास में रहेंगे। इस दौरान वे अपने आराध्य की साधना करेंगे और सन्यासी बाबा पर किताब का लेखन करेंगे। रविवार से उनका अज्ञातवास प्रारंभ हो गया है। इस दौरान वे कहां किस स्थान पर रहेंगे यह जानकारी किसी को भी नहीं दी गई है।

छतरपुर जिले के गड़ा स्थित प्रसिद्ध बागेश्वरधाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री शनिवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश गए थे। यहां से वे अज्ञातवास पर चले गए हैं। एकांतवा के दौरान वे कौन से आश्रम में किस स्थान पर, कहां रहेंगे, कौन उनके साथ रहेंगे? इस तरह की जानकारी किसी को भी नहीं दी गई है। धीरेंद्र शास्त्री ने अज्ञातवास में जाने से पहले अपने कुछ निजी शिष्यों को यह जानकारी दी थी कि वे एकांतवास



के दौरान 'मेरे सन्यासी बाबा' शीर्षक से पुस्तक लिखेंगे। इसमें सन्यासी बाबा के जन्म, उनकी साधना, श्री हनुमानजी महाराज की कृपा, सन्यासी बाबा द्वारा ली गई समाधि सहित जीवन के अनछुए पहलुओं और भगवद कृपा को उजागर करेंगे। बता दें कि 'सन्यासी बाबा' वे ही समाधिस्थ संत हैं, जिनका धीरेंद्र शास्त्री अपने दरबार के दौरान बार—बार नाम लेकर पुकार लगाते हैं। बता दें कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पूर्व में भी एकांतवास में जा चुके हैं। उस दौरान भी उन्होंने पुस्तकें लिखी थी। वे पूर्व में 'सनातन धर्म क्या है' तथा 'मल्टी टैलेंटेड हनुमान' शीर्षक से पुस्तकें लिख चुके हैं।

# बीमारी छिपाकर शादी करना क्रूरता पति को मिला ज्यूडिशियल सेपरेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी) हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट तथा जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ अपने अहम फैसले में कहा है कि बीमारी की जानकारी छुपाकर विवाह करना और बीमार करने की साजिश करने का आरोप लगाना क्रूरता की श्रेणी में आता है। जीवन साथी की सेहत को लेकर टेंशन में दूसरे पक्ष को ज़िंदगी भर परेशान रहते हुए आर्थिक तथा भावुक नुकसान उठाना पड़ेगा। हाईकोर्ट युगलपीठ ने कुटुम्ब न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुए अपीलकर्ता पति के पक्ष में ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश जारी किए हैं।**



मंडला निवासी डॉ. महेन्द्र कुशवाहा की तरफ से दायर अपील में ज्यूडिशियल सेपरेशन के आवेदन को कुटुम्ब न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने को चुनौती दी गई थी। अपील में कहा गया था कि उसकी अनावेदिका पत्नी के साथ अरेंज मैरिज हुई थी। विवाह के पूर्व वह मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थी और इस संबंध में उसे जानकारी नहीं दी गई। विवाह के बाद अनावेदिका को जून व जुलाई 2022 में मिर्गी के दौरे आने के बाद अपीलकर्ता ने ज्यूडिशियल सेपरेशन के लिए कुटुम्ब न्यायालय में आवेदन किया था। ज्यूडिशियल सेपरेशन के आवेदन की सुनवाई के दौरान पत्नी ने इस बात से साफ इंकार कर दिया कि वह मिर्गी की बीमारी से पीड़ित है। उसने अपने पति व सास पर बदनीयती से बीमार करने उसे बहुत मीठा खाना खाना दिए जाने के आरोप लगाये थे। अनावेदक पत्नी की तरफ से तर्क दिया गया कि ज्यूडिशियल सेपरेशन की मंजूरी से उसकी परेशानियां बढ़ जाएंगी। बीमारी के मुश्किल समय में यह उसके साथ क्रूरता होगी। पति को पत्नी की देखभाल करनी चाहिए और कोर्ट में ज्यूडिशियल सेपरेशन की अपील नहीं करनी चाहिए थी। मिर्गी कोई ऐसी बीमारी नहीं है जिसका इलाज नहीं है। उसे यह बीमारी शादी के बाद हुई है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि हर इंसान के पास शादी का पार्टनर चुनने का ऑप्शन होता है। वह बायोडाटा देखने, एक-दूसरे से मिलने और परिवार के सदस्यों और दोस्तों से बात करने के बाद एक-दूसरे से शादी करते हैं। अपीलकर्ता को बीमारी के संबंध में जानकारी होती तो शायद वह अनावेदक से शादी नहीं करता। शादी के बाद बीमारी होने के बाद पति का फ़र्ज़ है कि वह पत्नी का ध्यान रखे। सच छिपाकर अपीलकर्ता के साथ धोखा किया गया है।

# हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने चीते को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे (शिवपुरी लिंक रोड) पर घाटीगांव सिमरिया मोड़ पर कूनो से भागे दो चीतों में से एक चीता की मौत हो गई है। जंगल से निकलकर जब सड़क पर चीता आया तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। दूसरे चीते की तलाश की जा रही है।

घटना रविवार सुबह 5 से 6 बजे के बीच की है। सूचना मिलते ही घाटीगांव थाना पुलिस और वन विभाग के अफसरों ने घटनास्थल को निगरानी में ले लिया है। कूनो के अफसर भी स्पॉट पर पहुंच गए हैं। चीते के शव को कूनो पहुंचाया जा रहा है, जहां एक्सपर्ट्स का पैनल पोस्टमॉर्टम करेगा। सैटेलाइट कॉलर आईडी से लगातार चीतों पर नजर रखी जा रही थी। जैसे ही सड़क हादसा हुआ अफसरों को सूचना मिल गई है। घटनास्थल पर काफी भीड़ थी, लेकिन वन विभाग के अफसरों ने पुलिस तक को पास नहीं आने दिया। पूरी कार्रवाई वन विभाग के अफसर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मृत चीते का नाम केजी-4 (मादा) है। इसका जन्म कूनो नेशनल पार्क में ही हुआ था। यह गामिनी का शावक बताया जा रहा है। दूसरे चीते केजी-3 को सुरक्षित पकड़ने के लिए जंगल में बकरा बांधा गया है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में ट्रेन से उतरने के बाद पटरी पार कर रहे छह लोग मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इनमें से एक महिला और बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11.30 से 12 बजे के बीच मदनमहल स्टेशन पर हुआ मृतकों की पहचान 39 वर्षीय पुष्पा सोनी पति कुलदीप सोनी और 4 वर्षीय राजबीर पिता वीरेंद्र पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सभी लोग नरसिंहपुर से जनशताब्दी एक्सप्रेस में सवार हुए थे। मदनमहल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर उतरने के बाद वे पटरी की तरफ विपरीत दिशा में जा रहे थे, तभी दूसरे प्लेटफॉर्म से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही सीएसपी रितेश कुमार शिव, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सुजीत कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे। सभी लोग नरसिंहपुर जिले के मुड़िया गांव के बताए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# आरक्षण का गलत लाभ लेने वालों की खैर नहीं!

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग उन लोगों का पता लगाने के लिए एक देशव्यापी अभियान चलाने वाला है, जो ईसाई धर्म अपना चुके हैं, फिर भी सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का फायदा उठा रहे हैं। जबकि, भारतीय संविधान में स्पष्ट व्यवस्था है कि आरक्षण के दायरे में अनुसूचित जाति के वही लोग आएंगे, जो हिंदू, सिख या बौद्ध हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने कई राज्यों से इस तरह की शिकायत मिलने के बाद इस दिशा में पहल करने की सोची है, जिसमें कई लोगों के बारे में शिकायतें मिली हैं कि वे अनुसूचित जाति को मिलने वाले आरक्षण के लाभ का गलत फायदा उठा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार एनसीएससी सभी राज्य सरकार को यह लिख रहा है कि वो सभी सरकारी विभागों और प्रदेश के शिक्षण संस्थानों की गहन पड़ताल करें और जाति प्रमाणपत्रों की छानबीन करें। आयोग की ओर से यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है, जब हाल ही में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह उन लोगों पर कार्रवाई करे, जो ईसाई धर्म अपना चुके हैं,फिर भी अनुसूचित जाति को मिलने वाले आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं। एनसीएससी को कुछ ऐसी भी शिकायतें मिली हैं कि कुछ लोगों ने सिर्फ आरक्षण का लाभ उठाने के लिए ही हिंदू धर्म अपना लिया है। देश के संविधान के आर्टिकल 341 के तहत राष्ट्रपति के अनुसूचित जाति से संबंधित आदेश, 1950 में जाति-आधारित आरक्षण की व्यवस्था है। इसमें विभिन्न जाति और समूहों को अनुसूचित जाति (SC) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसके अनुसार, 'कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से अलग धर्म को मानता है',वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाएगा। इस आधार पर कोई भी व्यक्ति जो ईसाई बन चुका है, जाति-आधारित आरक्षण के लिए अयोग्य है। एनसीएससी के चेयरमैन किशोर मकवाना ने ET से कहा है कि 'अलग-अलग राज्यों से कई तरह की शिकायतें मिलने के बाद हम राज्य सरकारों को रिकॉर्ड चेक करने और धर्म बदलने के बावजूद सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ लेने वालों की गहन पड़ताल करने के लिए लिख रहे हैं। लंबे समय के लिए आयोग चाहता है कि एक ऐसा रिपोर्टिंग सिस्टम तैयार हो जाए, जिससे राज्यों को निरंतर इस तरह का अभियान चलाने का अवसर मिले और वह अपने आंकड़े आयोग के साथ साझा कर सकें। इससे अगर कुछ गलत हो रहा है तो उसे रोकने में मदद मिलेगी।'

## सैर सपाटा

# मध्य प्रदेश की इन खूबसूरत जगहों पर मनाएं नए साल का जश्न

### उत्तराखंड-हिमाचल जाएंगे भूल



ज्यादातर लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश को चुनते हैं। इन जगहों पर नए साल पर ऐसी भीड़ हो जाती है, जिसमें पैर रखना भी मुश्किल होता है। अगर आप शोरगुल और भीड़ से दूर पार्टी करना चाहते हैं, तो मध्य प्रदेश घूमने जाइये। मध्य प्रदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर जगहें हैं, जहां आपको मन की शांति और सुकून मिलेगा। इन जगहों पर आप अच्छे से नया साल परिवार, दोस्तों संग मना सकते हैं। चलिए मध्य प्रदेश की इन जगहों के बारे में बताते हैं।

### 1- हनुवंतिया टापू

मध्य प्रदेश का मिनी गोवा कहा जाता है हनुवंतिया टापू। अगर आप बीच का मजा लेना चाहते हैं, तो मध्य प्रदेश के खंडवा में स्थित हनुवंतिया टापू जाएं। इस टापू पर समुद्र की बड़ी लहरें और बीच का मजा मिलेगा। यहां पर वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी कर सकते हैं और बोटिंग या शिप का मजा भी ले सकते हैं। इस टापू से 50 किमी दूर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग भी बना है, जिसके दर्शन कर सकते हैं।

### 2- रीवा

मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर रीवा के क्योटी स्पॉट देखने जरूर जाएं। क्योटी को विंध्य का मिनी पिकनिक स्पॉट भी कहा जाता है। यहां पर बड़ा सा झरना गिरते हुए दिखेगा, जिसे देखना किसी अद्भुत नजारे से कम नहीं होता। रीवा इतिहास से भरा शहर है, जहां पर आप नए साल का जश्न धूमधाम से मना सकते हैं।

### 3- पंचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी के नाम से मशहूर है पंचमढ़ी। कहते हैं यहां पर जो एक बार आया, वह हर साल यहां छुट्टियां मनाने आता है। अगर आप पहाड़, घने जंगल, झरने पसंद करते हैं, तो ये जगह आपके लिए है। यहां पर आप ट्रेकिंग का मजा भी ले सकते हैं। यहां पर कई गुफाएं हैं, जिनके आस-पास बड़े झरने गिरते हैं।

### 4- ओरछा

मध्य प्रदेश का अनोखा शहर है ओरछा, जहां पर ऐतिहासिक इमारतें, किले बने हुए हैं। यहां पर राजपूताना वास्तुकला देखने को मिलेगी और सूरज डूबने का खूबसूरत नजारा भी देखने को मिलेगा। ओरछा के किलों या इतिहास के करीब भी नया साल का जश्न धूमधाम से मना सकते हैं।

### 5- खजुराहो

मध्य प्रदेश का खूबसूरत शहर है खजुराहो, जो दुनियाभर में मशहूर है। यहां पर बने मंदिरों की नक्काशी को आप घंटों तक निहार सकते हैं। ये इतने सुंदर बने हुए हैं कि देखते रह जाएंगे। खजुराहो की खूबसूरती के बीच भी आप नया साल मना सकते हैं। यहां के मंदिरों के दर्शन कर नए साल की शुरुआत करें।

### कैसे जाएं

मध्य प्रदेश की इन जगहों पर जाने के लिए बस, ट्रेन का साधन मिल जाएगा। इन जगहों पर होटल भी कम बजट में मिल जाते हैं और खाना भी। अगर आप नया साल यहां मनाने का प्लान कर रहे हैं, तो अभी से होटल बुकिंग कर लें। मध्य प्रदेश में आपको प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलेगी।

Uttarpradesh

# यूपी में ताबड़तोड़ एनकाउंटर, बुलंदशहर में इनामी बदमाश, लखनऊ में स्मैक तस्कर को लगी गोली

**बुलंदशहर, (एजेंसी)** यूपी में अपराधियों के खिलाफ पुलिस और एजेंसियों की जंग और ताबड़तोड़ एनकाउंटरों का दौर लगातार जारी है। बीती रात से अब तक बुलंदशहर में एक इनामी बदमाश और लखनऊ में एक स्मैक तस्कर को गोली लगी है। बुलंदशहर में यूपी पुलिस की गाजियाबाद के बदमाश से मुठभेड़ हुई है तो लखनऊ में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की। बुलंदशहर में हुई मुठभेड़ में 20 हजार के इनामी अफरोज आलम निवासी को गोली लगने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं लखनऊ के मोहनलालगंज के कनकहा में सोमवार तड़के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स



(एएनटीएफ) की दो स्मैक तस्करों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी तस्कर पंकज त्रिपाठी के पैर में गोली लग गई। टास्क फोर्स ने पंकज और उसके साथी नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। एसपी एएनटीएफ चक्रेश मिश्रा के मुताबिक टीम के दरोगा मनीष कुमार सोमवार तड़के मोहनलालगंज में टीम के साथ गश्त कर रहे थे। कनकहा चौकी के पास बाइक सवार दो संदिग्धों को टीम ने रोकने की कोशिश की तो दोनों ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। टीम ने पीछा किया तो पीछे बैठे पंकज ने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। टीम ने घेराबंदी की तो पंकज पेड़ को ओट लेकर फायरिंग करने लगा। उसका साथी बाइक से उतरकर भागने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।

Uttarakhand

## उत्तराखंड में आज भयंकर ठंड, बारिश और बर्फबारी के आसार, तापमान माइनस 12 डिग्री



**देहरादून, (एजेंसी)** हिमालयी राज्य उत्तराखंड में आज भयंकर ठंड पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी में सुबह-शाम पारा गिरने और शीतलहर की आशंका जताई है। दिन में हल्की धूप पड़ेगी, लेकिन पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी से ठंड का इजाफा हो सकता है। उच्च हिमालयी इलाकों में पारा माइनस 12 डिग्री तक पहुंच गया है।

पर्वतीय इलाकों में बदरीनाथ में न्यूनतम तापमान लगभग 0C जबकि केदारनाथ में –12C तक गिरने का अनुमान है। 3200 मीटर एवं उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम निदेशक डॉ. सीएस तोमर ने बताया कि राज्य के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी जारी रह सकती है। प्रदेश में सोमवार को तीन जिलों उत्तरकाशी, चमोली एवं पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं के साथ पाला पड़ सकता है, जिससे सुबह-सुबह सड़कें फिसलन भरी होंगी। धुंध और प्रदूषण के कारण शहरों में वायु गुणवत्ता खराब रहने की संभावना है। पर्वतीय इलाकों में यात्रा करने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों को मौसम अपडेट लगातार देखने और गर्म कपड़े, थर्मल, दस्ताने, टोपी आदि साथ रखने की सलाह दी गई है।

Uttarpradesh

## महिला ने साड़ी फेंककर बचाई तालाब में डूबते लड़के की जान, दूसरे की मौत

**झांसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के झांसी में रविवार की शाम झकझोर देने वाली घटना हो गई. दरअसल, हुआ यूं कि मूर्ति विसर्जन के लिए गए दो दोस्त लक्ष्मी तालाब में डूबने लगे. इसी दौरान वहां से गुजर रही एक महिला ने हिम्मत दिखाते हुए उन्हें बचाने के लिए अपनी साड़ी पानी में फेंक दी. एक दोस्त साड़ी पकड़कर बाहर आ गया, जबकि दूसरा छात्र पानी के अंदर समा गया. महिला के चिल्लाने पर दो युवक आ गए और पानी में कूदकर छात्र को बाहर निकाला. लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

मृतक 14 साल के बच्चे का नाम युवराज बताया गया है. वह झांसी के शहर कोतवाली अंतर्गत गुदरी मोहल्ला का रहने वाला था. युवराज ओम किड्स में कक्षा 7वीं का छात्र था. उसके पिता सौरव पाटवा की सर्राफा बाजार में मंगलसूत्र, बीजासेन, माला बनाने की दुकान है. उसके पड़ोस में उसका 11 वर्षीय दोस्त शुभ अग्रवाल रहता है. शुभ अग्रवाल ने बताया- युवराज ने अपने मंदिर में एक गणेश प्रतिमा रखी थी. रविवार शाम को युवराज और मैं मूर्ति विसर्जित करने के लिए लक्ष्मी तालाब पर गए थे. वहां युवराज बोला- ऊपर से मूर्ति मत फेंको, भगवान का अपमान होगा.

Goa

गोवा नाइट क्लब हादसा

## छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए चार आरोपी, तीन अधिकारी निलंबित

**पणजी, (एजेंसी)** गोवा सरकार ने रोमियो लेन क्लब चेन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसके एक आउटलेट में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस आतिथ्य कंपनी की दो अन्य संपत्तियों को भी सील कर दिया गया है। एक टीम रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई, ताकि प्रॉपर्टी प्रमोटर्स सौरभ लुथरा और गौरव लुथरा की तलाश की जा सके, जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



उत्तर गोवा के अर्पोरा स्थित नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में शनिवार देर रात आग लग गई थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर क्लब के कर्मचारी थे। अंजुना पुलिस ने क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक (49 वर्षीय, निवासी आर.के. पुरम, नई दिल्ली), महाप्रबंधक विवेक सिंह (27 वर्षीय, निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश), बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया (32 वर्षीय, निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) और गेट प्रबंधक प्रियांशु ठाकुर (32 वर्षीय, निवासी मालवीय नगर, नई दिल्ली) को गिरफ्तार किया है। चारों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन टेस्ट आठ विकेट से जीता इंग्लैंड के खिलाफ हासिल की बढ़त, स्टार्क-नेसर चमके

**ब्रिसबेन, (एजेंसी)** मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से हराया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 241 रन बनाए और 64 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।



इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी खराब रही और एक समय लगा कि टीम को पारी से हार का सामना करना पड़ेगा, लेकिन चौथे दिन कप्तान बेन स्टोक्स और विल जैक्स ने पारी को संभाला। स्टोक्स ने अर्धशतक लगाया जिससे इंग्लैंड की टीम मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया को 69 रनों का लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले पर्थ टेस्ट में भी जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अब सीरीज का तीसरा मैच एडिलेड में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। स्टार्क ने कुल आठ विकेट झटके जिसमें पहली पारी में छह विकेट लेना शामिल है। वहीं, नेसर ने पहली पारी में एक विकेट लिया और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को गस एटकिंसन ने दो झटके दिए। हालांकि, ट्रेविस हेड और जैक वीदरएल्ड ने अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन एटकिंसन ने हेड को बोल्ड कर दिया। हेड 22 गेंदों पर दो चौकों एक छक्के की मदद से 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एटकिंसन ने मार्नस लाबुशेन को जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया जो तीन रन बनाकर आउट हुए। फिर वीदरएल्ड और कप्तान स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। स्मिथ ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और नौ गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 23 रन बनाए, जबकि वीदरएल्ड ने 23 गेंदों पर दो चौकों की मदद से नाबाद 17 रन बनाए।

इंग्लैंड ने चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 134 रन से आगे बढ़ाई। स्टोक्स और जैक्स ने चार-चार रन से आगे खेलना शुरू किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को कुछ हद तक परेशान किया। स्टोक्स ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया, लेकिन जैक्स पचासा लगाने से पहले अपना विकेट गंवा बैठे। जैक्स और स्टोक्स के बीच सातवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। जैक्स को नेसर ने अपना शिकार बनाया और वह 92 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नेसर ने स्टोक्स को भी पवेलियन की राह दिखाई जो 152 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## फिल्म जिसमें धर्मेंद्र ने किया था विलेन का रोल, बड़ा था रिस्क लेकिन ब्लॉकबस्टर हिट हुई मूवी



बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र की आज बर्थ एनिवर्सरी है। इंडस्ट्री के चहेते सुपरस्टार ने 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। धर्मेंद्र आज जिंदा होते तो 90 साल के हो गए होते। लीजेंडरी एक्टर ने ऑडियंस में ही नहीं बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में भी बेशुमार चाहने वाले थे। धर्मेंद्र ने बॉलीवुड में एक लंबा दौर देखा, उन्हें बॉलीवुड के हीमैन का खिताब दिया गया। धर्मेंद्र यूं तो अपने रोमांटिक और एक्शन रोल्स के लिए जाने गए, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्होंने एक फिल्म में निगेटिव रोल भी किया था। मजे की बात यह है कि धर्मेंद्र को इस किरदार में भी काफी पसंद किया गया और फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हो गई। साल 1964 में आई इस फिल्म में कहानी 2 दोस्तों की थी, जिन्हें एक ही लड़की से प्यार हो जाता है। गलतफहमियों का सिलसिला ऐसा चलता है कि दूसरा वाला चोरी करना शउरू कर देता है। लेकिन क्या वाकई वो चोरी कर रहा है या फिर उस पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है? इस फिल्म में लीड एक्टर राजेंद्र कुमार थे और सायरा बानो ने फीमेल लीड रोल प्ले किया था। फिल्म में निगेटिव रोल होने के बावजूद धर्मेंद्र सुपरहिट हो गए और जनता ने उन्हें हाथो-हाथ लिया। महज 50 लाख रुपये की लागत में बनी यह फिल्म उस वक्त 2.25 करोड़ रुपये कमाने में कामयाब रही थी।

## Highlights

1. **Letter purportedly written by IndiGo employee names 8 officials for downfall of airline**

2. **Man misses his own wedding amid IndiGo flight cancellations, video surfaces**

3. **People joke 'Indians can't run 1 stable airline', it hurts: IndiGo employee in purported letter**

4. **Pilots were shouted at, humiliated: Employee in letter on toxic culture at IndiGo**

# IndiGo shares crash as much as 6.63% after CEO asked to explain flight cancellations



**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of InterGlobe Aviation Ltd. fell the most in eight months after India's civil aviation regulator called on the chief executive to explain the flight cancellations that have roiled India's largest airline.

IndiGo's share price fell as much as 6.63%, the most since 7 April, to ₹5,015.00 apiece on the BSE, even as the benchmark S&P BSE Sensex traded up to 0.25% lower. According to a HT. com report, IndiGo has reported more than 300 flight cancellations so far on Monday versus over 1,000 on Friday. On Sunday, the airline said it's on track to operate more than 1,650 flights, with on-time performance improving to 75%.

IndiGo is now facing higher costs due to the flight cancellations, along with added pressure from a weaker rupee and increased crew expenses, according to a note from Jefferies.

# SpiceJet comes to the rescue with 100 additional flights amid IndiGo chaos

**NEW DEIHI, (Agency).** SpiceJet Ltd. has decided to operate 100 additional flights over the next few days to mitigate the chaos left in the wake of IndiGo flight cancellations and delays, according to its chairman. "What happened is extremely unfortunate, and it has caused a huge amount of inconvenience to passengers... I am sure the government is working really hard to make sure the problem is resolved at the earliest," SpiceJet Chairman Ajay Singh told ANI on Friday. "I am sure IndiGo is doing its best... We (SpiceJet) are attempting to help by running 100 additional flights over the next few days." Air travel in India across India was in turmoil for a fourth day on Friday after IndiGo, operated by InterGlobe Aviation Ltd., cancelled more than 1,000 flights across the country "to align crew and planes". Operations are unlikely to return to normal until at least next week, CEO Pieter Elbers said. The disruption has snowballed into chaotic scenes across airports, with crowds of stranded passengers voicing their frustrations with the ground staff. Social media is flooded with videos of angry travellers, with no end in sight. "It is important to find out what happened and why it happened so that we have lessons for the future and ideas so that these kinds of incidents don't happen again," SpiceJet's Singh said.




India's civil aviation regulator, the Directorate General of Civil Aviation, has ordered an inquiry to "examine what went wrong at IndiGo", and determine accountability" and recommend measures to avert such disruptions in future.

# प्रॉपर्टी कारोबारी से 55 लाख ठगे, 2 अरेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रॉपर्टी का काम करने वाले एक व्यक्ति के साथ ठगी का मामला सामने आया है। राज्य साइबर सेल ने इस केस में शहर के 2 लोगों को पकड़ा है।**

शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रॉपर्टी की डील करने बाद उसके पास बड़ी राशि आई थी। जिससे उसे फॉरच्यूनर कार खरीदना थी, मगर आरोपियों ने उसे ऐसे सपने दिखाए कि वह उनके जाल में फंस गया और धोखाधड़ी का शिकार हो गया। बदमाशों ने अमेरिका की क्रिप्टो करेंसी में इंवेस्टमेंट के नाम पर 55 लाख रुपए की 65000 USDT (यूनाइटेड स्टेट्स डिजिटल तिथर करेंसी) खरीदवा दी। फिर वॉलेट से क्रिप्टो करेंसी गायब कर दिए। जब उसे इसका पता चला तो उसने शिकायत की।

राज्य साइबर सेल से मिली जानकारी के मुताबिक 2 आरोपी मुर्तजा शेफी (48) पिता सैफूद्दीन शेफी निवासी बादशाह हेरिटेज 784 खातीवाला टैंक इंदौर और ताहिर (22) महूवाला पिता अमिरुदृदीन महूवाला निवासी केट रोड राउ इंदौर को पकड़ा है। दोनों ने फरियादी को अमेरिकी क्रिप्टो करेंसी में इंवेस्टमेंट कर उसकी राशि दोगुना करने का झांसा दिया। आरोपियों ने पहले 55 लाख नकद लिए और उस राशि से फरियादी को क्रिप्टो करेंसी (USDT) खरीदवाए और फरियादी के ट्रस्ट वॉलेट में ट्रांसफर करवाए। ट्रस्ट वॉलेट एक मोबाइल ऐप है, जिसे मोबाइल में डाउनलोड करवाने के बाद क्रिप्टो करेंसी को खरीदा जा सकता है, बेचा जा सकता है और स्टोर किया जा सकता है।

# पड़ोसी ने महिला से किया दुष्कर्म

## झांसा देकर लिव इन में रखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में रहने वाली एक महिला से उसके पड़ोसी युवक ने दोस्ती कर रेप किया। पीड़िता ने शनिवार को थाने में जाकर शिकायत की है।**

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 6 माह पहले वह पालदा में किराये से रहती थी। यहां पर शंकर मीना रहता था। उससे पहचान हो गई। दोनों में बातचीत बढ़ी तो शंकर ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। इसके बाद उसने साथ में रहने की बात कही। हम एक ही रूम में रहने लगे। इस दौरान शंकर ने कई बार सबंध बनाए।

इस बीच मैंने कई बार शादी के लिए कहा तो वह टाल देता था। 24 नवंबर को फिर शादी की बात की तो वह विवाद कर



घर से चला गया। इसके बाद कई बार उससे मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की। उसने कॉल नहीं उठाया। आखिरकार शनिवार को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बता दें, पुलिस के मुताबिक पीड़िता अपने पति को छोड़ चुकी है। भंवरकुआं पुलिस ने एक और मामले में 20 साल की युवती की शिकायत पर हर्ष पिता अशोक केवट निवासी पालदा पर छेड़छाड़ का मामला शनिवार को दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि दोनों में करीब 1 साल से दोस्ती है। दोनों एक-दूसरे को पसंद भी करते हैं। मोबाइल पर उनकी बातचीत होती थी। कुछ समय पहले हर्ष के बारे में पीड़िता के परिवार को पता चला। तब हर्ष से बात करना बंद कर दी। इसके बाद लगातार कॉल कर बात करने को लेकर दबाव बनाता रहा। वह पीछा कर परेशान करने लगा। शनिवार को जब पीड़िता घर से बाहर निकली तो उसका रास्ता रोका ओर उससे कहा कि बात नहीं करेगी तो उसके पास फोटो-वीडियो है जो वायरल कर देगा और कहीं भी शादी नहीं होने देगा। बाद में पीड़िता ने अपने परिवार को जानकारी दी और थाने आकर आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई है।

# करंट लगने से मौत, सर्विस सेंटर संचालक पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर में दीपावली के एक दिन पहले एक नाबालिग की कार वॉशिंग सेंटर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले की जांच के बाद पुलिस ने सर्विसिंग सेंटर के संचालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है।**

हीरानगर पुलिस ने शनिवार रात भोला (17) पुत्र लखन भूरियाले, निवासी नंदानगर की मौत के मामले में यूएस कार सर्विस सेंटर के मालिक उत्तम ठाकुर पर लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। दीपावली के एक दिन पहले भोला यहां काम करने गया था। शाम के समय वह अचानक गिर पड़ा। उसे दोस्त एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। उत्तम ठाकुर कनकेश्वरी ग्राउंड के



पास कार सर्विस सेंटर चलाता है। वहीं, यहां काम करने वाले कर्मचारी राहुल ने बताया कि भोला गाड़ी पर पाइप से पानी मार रहा था, तभी अचानक गिर गया। शुरू में पुलिस ने इसे संदिग्ध मानकर जांच की थी। पुलिस को आशंका थी कि मौत हार्ट अटैक या सिर में चोट से हुई होगी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई, जिसके बाद लापरवाही के आधार पर कार्रवाई की गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक